मानव संसाधन विकास मंत्रालय में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा): (क) इस समय 12 केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैं। इन विश्वविद्यालयों की राज्य-वार सूची संलग्न है। (नीचे देखिए)।

(ख) जी, हां।

(ग) से (च): केन्द्रीय विश्वविद्यालय विशिष्ट शैक्षिक एवं केन्द्र राज्य दृष्टिकोणों को देखते हुए स्थापित किए जाते हैं। ये राज्य-वार स्थापित नहीं किए जाते।

(छ) जी, नहीं।

(ज) प्रश्न नहीं उठता।

(झ) 1992 में यथासंशोधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-1986 तथा कार्रवाई योजना 1992 में शिक्षा के समेकन पर बल दिया गया है। केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड ने भी सिफारिश की है कि संसाधनों की अत्यधिक कमी के कारण, सरकार को नए विश्वविद्यालय स्थापित करने पर नियंत्रण लगाना चाहिए।

## सूची

### देश के केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के नाम

| क्रम सं. | राज्य | विश्वविद्यालय का नाम | स्थापना का वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | हैदराबाद विश्वविद्यालय | 1974 |
| 2. | असम | असम विश्वविद्यालय, सिल्चर | 1994 |
| | | तेज़पुर विश्वविद्यालय, तेज़पुर | 1994 |
| 3. | दिल्ली | दिल्ली विश्वविद्यालय | 1922 |
| | | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय | 1985 |
| | | जामिया मिलिया इस्लामिया | 1989 |
| | | जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय | 1969 |
| 4. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी पर्वतीय विश्वविद्यालय | 1973 |
| 5. | पांडिचेरी | पांडेचेरी विश्वविद्यालय | 1985 |
| 6. | उत्तर प्रदेश | अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय | 1920 |
| | | बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय | 1916 |
| 7. | पश्चिम बंगाल | विश्व-भारती | 1951 |

### गुजरात स्थित विश्वविद्यालयों को दिया जाने वाला सहायता अनुदान

2512. श्री अनन्तराय देवशंकर दवे: क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा गुजरात स्थित विश्वविद्यालयों को सहायता अनुदान के रूप में कितनी राशि आवंटित की गई;

(ख) क्या राज्य के सभी विश्वविद्यालयों ने अनुदान सहायता की पूरी राशि का उपयोग किया है;

(ग) यदि हां, तो क्या किसी विश्वविद्यालय ने अप्रयुक्त अनुदान राशि को वापस लौटाया है;

(घ) क्या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार द्वारा गुजरात को वित्तीय आवंटन के संबंध में किसी नई योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा): (क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भेजी गई सूचनानुसार, पात्र विश्वविद्यालयों को अनुदान पंच वर्षीय योजनावधि के लिए आवंटित किए जाते हैं न कि वार्षिक आधार पर आठवीं योजना के लिए गुजरात में विभिन्न विश्वविद्यालयों को आवंटित किए गए अनुदान तथा 1991-92, 1992-93 तथा 1993-94 के दौरान जारी की गई राशि को दर्शाने वाला विवरण संलग्न है। (नीचे देखिए)।

(ख) पात्र विश्वविद्यालयों को आवंटित किए गए अनुदान उनके द्वारा मार्च, 1997 तक उपयोग किए जा सकते हैं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) और (ङ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विभिन्न विषयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए गुजरात के निम्नलिखित संस्थानों के प्रस्ताव अनुमोदित कर दिए हैं।

| क्रम सं. | संस्थान | अनुमोदित पाठ्यक्रम | अनुमोदित राशि |
|---|---|---|---|
| | | | (लाख रुपयों में) |
| 1. | एम.जे. वाणिज्य कालेज, भावनगर (गुजरात) | (i) कम्युनिकेटिव इंग्लिश<br>(ii) टैक्स प्रोसीजरल प्रैक्टिस<br>(iii) कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स | 15.00 लाख रु. |
| 2. | शामलदास कला कालेज, भावनगर | (i) कम्युनिकेटिव इंग्लिश<br>(ii) कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स<br>(iii) फूड साइंस एण्ड क्वालिटी कन्ट्रोल | 15.00 लाख रु. |
| 3. | सी.एस.बी. कला एल.बी.ए. पटेल एण्ड डी.बी.वी. सी. कालेज, चानासमा (गुजरात) | (i) फूड साइंस एण्ड क्वालिटी कन्ट्रोल<br>(ii) क्लिनिकल न्यूट्रिशन डाइटेलिक्स | 15.00 लाख रु. |
| 4. | श्रीमती एस.एम. पाँचाल विज्ञान कॉलेज, जालूल (एस.के.) | (i) इन्डस्ट्रीयल कैमिस्ट्री<br>(ii) इन्डस्ट्रीयल माइक्रोबायोलोजी | 15.00 लाख रु. |
| 5. | वी.पी. एवं आर. पी.टी.पी. विज्ञान कॉलेज, वल्लभ विद्यानगर, गुजरात | (i) इंडस्ट्रीयल कैमिस्ट्री | 15.00 लाख रु. |
| 6. | नलिनी अरविन्द एवं जे.वी. पटेल कला कॉलेज, वल्लभ विद्यानगर | पाठ्यक्रमों के ब्यौरे (1 विज्ञान और 2 विज्ञान) प्राप्त किए जा रहे हैं। | 15.00 लाख रु. |

## विवरण

| क्रम सं. | विश्वविद्यालय | आवंटित अनुदान | (रु. लाखों में) जारी किए गए अनुदान | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1991-92 | 1992-93 | 1993-94 |
| 1. | भावनगर | 90.00 | 13.56 | 44.37 | 14.28 |
| 2. | गुजरात | 140.00 | 38.70 | 97.72 | 51.94 |
| 3. | एम.एस. विश्वविद्यालय बड़ौदा | 140.00 | 98.56 | 70.58 | 90.81 |
| 4. | सरदार पटेल | 120.0( | 90.68 | 89.65 | 190.07 |
| 5. | सौराष्ट्र | 125.00 | 35.65 | 56.80 | 16.69 |
| 6. | दक्षिणी गुजरात | 124.00 | 18.24 | 39.42 | 36.81 |
| 7. | गुजरात विद्यापीठ | 135.00 | 96.08 | 38.93 | 67.13 |

**इन्डोर स्टेडियम के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता**

2513. **श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल: क्या मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गुजरात सरकार ने राज्य में इन्डोर स्टेडियम के निर्माण हेतु वित्तीय सहायता का अनुरोध किया है;

(ख) यदि हां, तो कितनी सहायता राशि की मांग की गई थी; और

(ग) वर्ष 1993-94 के दौरान सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की है और वर्ष 1994-95 के लिए कितनी धनराशि निर्धारित की गई है?